छठ के लिए फूल लेने गए बुजुर्ग का शव नाले से मिला

सहजनवां (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के पाली ब्लॉक के मांट गांव निवासी 55 वर्षीय विशंभर चौहान का शव बुधवार सुबह चोरमा नाले से बरामद हुआ। वह सोमवार सुबह छठ पूजा के लिए कमल का फूल लेने निकले थे और वापस नहीं लौटे थे। दो दिन तक चले सर्च अभियान के बाद शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार,विशंभर सोमवार सुबह करीब 8 बजे साइकिल से घर से निकले थे। छठ माता मंदिर, बेलौरा के पास साइकिल खड़ी कर वह फूल लेने चले गए। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और आसपास खोज बीन के बाद भी सुराग न मिलने पर चोरमा नाले में तलाश शुरू कराई गई। ग्रामीणों के अनुसार नाला करीब 10 फीट गहरा है। सूचना पर एसडी आरएफ की टीम सोमवार शाम से ही सर्च अभियान में जुटी थी। बुधवार सुबह शव मिलने के बाद अभियान समाप्त हुआ। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही। मृतक के पांच बेटे हैं, जिनमें जंग बहादुर, सुनील, अनिल सूरत में पेट्रोलियम से जुड़ा काम करते हैं। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी,तीन घंटे में आरोपी गिरफ्तार

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) नौतनवा कस्बे के वाल्मीकि नगर स्थित श्रीराम जानकी मर्चाहे बाबा कुटी मंदिर से सीता माता की मूर्ति का चांदी का मुकुट चोरी होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज तीन घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 150 ग्राम वजन का चोरी हुआ चांदी का मुकुट भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह मंदिर के पुजारी रामनाथ दास जल चढ़ाने के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे तो सीता माता की मूर्ति से चांदी का मुकुट गायब मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में हलचल मच गई और मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ जुटने लगी। इसके बाद पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते



ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को नौतनवा इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया करीब 150 ग्राम वजन का चांदी

◆सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई, 150 ग्राम का मुकुट बरामद

का मुकुट बरामद हुआ। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान बाबी कौशल पुत्र धर्मेंद्र कौशल, निवासी मालवीय नगर के रूप में हुई जिसके विरुद्ध धारा 305(डी) और 317(2) के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का आरोप, एसडीएम ने लेखपाल से मांगी जांच रिपोर्ट

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) तहसील क्षेत्र के बरगदवा निवासी राकेश सहानी ने गांव की सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी नौतनवा को शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने मामले की जांच कराकर सार्वजनिक रास्ते को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, राकेश सहानी के घर के बगल में ग्राम सभा की सार्वजनिक भूमि है, जिसका उपयोग ग्रामीण आवागमन के लिए करते हैं। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उक्त भूमि पर बांस-बल्ली गाड़कर कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा मारपीट की धमकी दिए जाने की बात भी कही गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी कुणाल ने हल्का लेखपाल को मौके की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

घर से निकली किशोरी लापता

सहजनवां (गोरखपुर)। कुशीनगर जिले के बसंतपुर निवासी रीता पत्नी सतीश जो वर्तमान समय में गीडा थाना क्षेत्र के जुड़ियान में किराए के मकान में रहती है।23 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के करीब बेटी निशा 11 वर्ष घर से निकली थी। जो देर रात तक वापस नहीं लौटी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है।

विकास कुमार वर्मा ने एसडीएम न्यायिक का पदभार संभाला

रुद्रपुर (देवरिया)। (आज) विकास कुमार वर्मा उपजिलाधिकारी (न्यायिक) के पद पर रुद्रपुर तहसील में पदभार ग्रहण किए हैं। आज दोपहर तहसील सभागार में बार एसोसिएशन रुद्रपुर के अधिवक्ताओं के संग एक परिचय समारोह में उन्होंने अपनी प्राथमिकता की गिनाई। उन्होंने बताया कि नियमानुसार और कानून संवत् प्रक्रिया का पालन करते हुए मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा। इसमें सभी अधिवक्ताओं का सहयोग अपेक्षित रहेगा। एसडीएम (न्यायिक) विकास कु. वर्मा मूलत: अंबेडकर नगर जनपद के रहने वाले हैं। 1921 बैच के पीसीएस रहे हैं। इससे पूर्व वह जनपद रामपुर में कार्यरत थे और उनका स्थानांतरण



अभी दो दिन पहले ही देवरिया जनपद के लिए हुआ था। परिचय समारोह में तहसीलदार (न्यायिक) राकेश कु. शुक्ला, बार संघ अध्यक्ष सत्यानंद पांडे, महामंत्री विनोद कु. पाठक, वशिष्ठ कु.पांडे रमेश मणि, परशुराम मिश्र, राजेश्वरी मिश्रा, प्रमोद सिंह, असफाक अहमद, सुधांशु मौलि ओझा,नागेंद्र राव, सत्य प्रकाश गुप्ता, शशिभूषण, कृष्णमूर्ति, गोपीनाथ, अजीत त्रिपाठी, बीना शर्मा, पंकज शुक्ला, विकास, निलेश आदि अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

महिला पर कार में आग लगाने का आरोप, पीड़ित ने दी तहरीर

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के रानीपार निवासी एक व्यक्ति ने गांव की एक महिला पर खड़ी कार में आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, रानीपार निवासी की मारुति कार घर के सामने खड़ी थी। आरोप है कि बुधवार भोर करीब 3 बजे पड़ोस की एक महिला ने पुरानी रंजिश को लेकर परिवार को जातिसूचक गालियां देते हुए कार में आग लगा दी। आग से कार का टायर जल गया और ब्लास्ट हो गया। आवाज सुनकर परिजन बाहर आए और आग बुझाई। पीड़ित ने आरोपी महिला के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

शिक्षक संकुल बैठक में नवाचार,गुणवत्ता और सहभागिता पर मंथन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला तहसील क्षेत्र स्थित संकुल समयथान भीटी के कम्पोजिट विद्यालय चौकड़ी में बुधवार को शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में किया गया। बैठक में संकुल के सभी विद्यालयों से उपस्थित अध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालयी शिक्षा को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामपरक बनाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रयास एवं सफलता की कहानियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों में उच्च स्तरीय चिंतन कौशल, समस्या समाधान, पीयर लर्निंग एवं ग्रुप लर्निंग को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।



साथ ही रीडिंग कॉर्नर, कैच-अप रणनीति, डिजिटल संसाधनों के माध्यम से शिक्षा, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी प्रयासों पर चर्चा हुई। यु डायस पोर्टल पर विद्यालय, विद्यार्थी एवं शिक्षक प्रोफाइल को अद्यतन एवं प्रमाणिक बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। स्पेशल कैंपिजन 6.0 के अंतर्गत स्वच्छता, ई-वेस्ट के सुरक्षित हस्तांतरण तथा विद्यालय स्तर

◆चौकड़ी में गूंजा बेहतर शिक्षा का संकल्प

पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन पर भी चर्चा हुई। बैठक के अंतिम सत्र में प्रश्नोत्तरी, शैक्षिक गतिविधियों की समीक्षा, निपुण विद्यालय बनाने की दिशा में सामूहिक संकल्प लिया गया। बैठक ने शिक्षकों में नई ऊर्जा, साझा सीख और बेहतर शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

कबड्डी में बाबा गोपालनाथ टीम का दबदबा,सामान्य ज्ञान और काव्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को कबड्डी, सामान्य ज्ञान,उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने खेल कौशल, बौद्धिक क्षमता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रभाव शाली प्रदर्शन किया।

कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में बाबा गोपालनाथ टीम ने महाराणा प्रताप टीम को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का संयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अखिलेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जितेंद्र प्रजापति, अनिल मौर्य, हरिकेश यादव सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय के महोत्सव में प्रतिभाओं का प्रदर्शन,कबड्डी से काव्य मंच तक दिखा उत्साह

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतियोगिता बी.ए.ड. तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित की गई। स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग में एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री आरती ने प्रथम, बी.सी.ए. पंचम सेमेस्टर के कार्तिक सिंह ने द्वितीय तथा एम.ए. प्रथम सेमेस्टर की सुश्री सपना भारद्वाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.एड. वर्ग में अभय कुमार मिश्रा प्रथम, माधुरी प्रजापति द्वितीय तथा अनुज यादव तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुबोध कुमार मिश्र ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. मंजेश्वर, डॉ. विभा सिंह, डॉ. आरती सिंह एवं विवेक विश्वकर्मा ने सक्रिय सहयोग दिया। महोत्सव के अंतर्गत आयोजित उदीयमान कवि गोष्ठी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी स्वरचित कविताओं के माध्यम से काव्य प्रतिभा का परिचय दिया। इसमें बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के आयुष कुशवाहा ने प्रथम, बी.एड. तृतीय सेमेस्टर की सुश्री शिवांगी रंजन ने द्वितीय तथा बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की श्रीमती करिश्मा निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

काव्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में हिंदी विभाग की विभाग प्रभारी डॉ. आरती सिंह, बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती दीप्ति गुप्ता तथा भौतिक विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डा. हनुमान प्रसाद उपाध्याय ने किया। इस प्रतियोगिता का संयोजन रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य विवेक कु. विश्वकर्मा तथा सांख्यिकी विभाग की सहायक आचार्य सुश्री तान्या श्रीवास्तव ने किया।

गैर मान्यता प्राप्त सक्रिय पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जाए-विजय पाण्डेय

गोलाबाजार (गोरखपुर)। क्रांति कारी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय नारायण पांडे ने सूचना निदेशक, उ.प्र. शासन को पत्रक देकर प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त जिले व तहसील स्तर पर कार्यरत सक्रिय पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने की मांग की है। अपने पत्रक में विजय पाण्डेय ने कहा है कि पत्रकार खुद की सुरक्षा की परवाह किए बिना सत्य उजागर करते हैं। दिन-रात कठिन परिश्रम कर जनता की समस्याओं, शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं, भ्रष्टाचार, अपराध और विकास कार्यों की खबरें संकलित करते हैं। सीमित संसाधनों में भी वे जनता और शासन के बीच सेतु का काम करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करते हैं और समाज में जागरूकता फैलाते हैं। क्रांति कारी पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की मांग है कि जोखिम भरे क्षेत्र में काम करने वाले सक्रिय पत्रकारों को स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए।



खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण का समापन

दोहरीघाट (मऊ)। खादी और ग्रामोद्योग आयोग मंडलीय कार्यालय गोरखपुर के तत्वावधान में ग्रामोद्योग विकास योजना के सेवा उद्योग इलेक्ट्रिशियन के अंतर्गत सूर्या खादी एवं ग्रामोद्योग समिति सूरजपुर में आयोजित पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग आयोग, मंडलीय कार्यालय गोरखपुर के जिला समन्वयक अधिकारी दीपक कुमार मीणा ने प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीकी कौशल युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खोलता है। इलेक्ट्रिशियन जैसे सेवा उद्योग में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा अपने हुनर का उपयोग कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। युवाओं को चाहिए कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और कौशल का उपयोग कर अपने भविष्य को बेहतर बनाएं।वहीं प्रशिक्षण देने वाले ट्रेनर रवि शंकर पांडेय कहा कि इस 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को इलेक्ट्रिशियन कार्य से संबंधित आवश्यक तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को निखारने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा



◆युवाओं को मिले प्रमाण पत्र

में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आशा है कि सभी प्रशिक्षित युवा अपने कौशल का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बनेंगे। इस दौरान वृजनन्दन मौर्या, कैलाश सिंह अमित मौर्या आनंद मौर्या समेत प्रशिक्षण प्राप्त युवा मौजूद रहे।

चार दिवसीय पदयात्रा में मायाशंकर शुक्ल का जगह-जगह स्वागत

बड़हलगंज (गोरखपुर)। विधानसभा क्षेत्र में मायाशंकर शुक्ल के नेतृत्व में निकाली गई चार दिवसीय संकल्प पदयात्रा का बुधवार को पटनाघाट पर समापन हुआ। धुरियापार से शुरू हुई इस पदयात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। गांव-गांव पहुंचकर जनता से संवाद करने और उनकी समस्याएं सुनने के इस अभियान की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने इस तरह का जनसंपर्क अभियान पहले नहीं देखा। मामखोर निवासी अंतरराष्ट्रीय चिल्हूपार पहलवान एवं भाजपा नेता मायाशंकर शुक्ल ने



पदयात्रा के माध्यम से चिल्हूपार की मिट्टी, संस्कृति और क्षेत्रीय जनता से जुड़ाव मजबूत करने का संदेश दिया। यात्रा के दौरान विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों की मिट्टी एकत्र कर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी

◆गांव-गांव पहुंचकर सुनीं जनसमस्याएं, चिल्हूपार में अभियान की चर्चा

गईं और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल का आश्वासन दिया गया। बुधवार को पदयात्रा बड़हलगंज ब्लाक के सिधुआपार से शुरू होकर बाछेपार, कॉलेज रोड, गोला तिराहा, सोती चौराहा, बड़ी मस्जिद होते हुए पटना चौराहे पर पहुंची। यहां भगवान श्रीराम, भगवान परशुराम की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया गया। इसके बाद यात्रा बुढ़नपुरा, नरहरपुर, खड़ेसरी, कोहड़ाभांवर, दुबौली, पिड़हनी, मुजौना, डेरवा, सीधेगौर और नेतवार पट्टी होते हुए पटनाघाट पहुंची। यहां लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी गईं। यात्रा के समापन पर माया शंकर शुक्ल ने कहा कि पदयात्रा में लोगों ने जिस तरह कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया, वह उनके लिए प्रेरणादायी है। लगातार पैदल चलने से साथियों के पैरों में छाले पड़ गए, लेकिन जनता का स्नेह और आशीर्वाद सबसे बड़ी ताकत है। जनता ने आशीर्वाद दिया तो उनके विश्वास, सहयोग का ऋण चुकाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को समझने, उनके समाधान के लिए प्रयास करने और लोगों के सुख-दुख में सहभागी बने रहने का संकल्प दोहराया। क्षेत्रीय लोगों प्रदीप यादव, अंगद यादव, बालिस्टर पांडेय, शिवम शुक्ला, बीके मिश्रा, पवन दुबे, रामसमुझ यादव, जयप्रकाश शुक्ल, प्रवीण राय, राम लोचन कसौधन, रवि शर्मा, प्रदीप बारी, दिनेश गुप्ता और मुहम्मद शकुर अंसारी आदि ने कहा कि जनता के बीच पहुंचकर उसकी समस्याएं सुनना, जरूरत के समय साथ खड़ा होना महत्वपूर्ण है। उनके अनुसार, इस पदयात्रा ने गांवों में सीधा संवाद स्थापित करने का अवसर दिया।

पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों में महिला सहित पति एवं पुत्र को मार पीट कर किया घायल

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पर्रनई के एक महिला को पुरानी रंजिश में पट्टीदारों ने लाठी डंडा, पंच, राड से मार पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। जिससे उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई हैं। बचाने आए पति व पुत्री को भी मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम पर्रनई उर्फ अर्जुनपुरा निवासी कौशल्या ने गोला पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बीते 26 अक्टूबर की शाम को पुरानी रंजिश में मेरे पट्टीदार जय प्रकाश स्व फौजदार हरिजन अनूप,आशीष,अजीत पुत्र गण जय प्रकाश व अन्नू पुत्री जय प्रकाश, उषा देवी पत्नी जय प्रकाश ने प्रार्थीनी को घेर कर लाठी, डंडा,पंच , लोहे के रॉड से मार पीट बुरी तरह घायल कर दिया। जिससे प्रार्थिनी के सिर में गहरी चोट आई है। मुझे बचाने आए मेरे पति रामनेवास व पुत्री रागिनी को मारा पीटने लगे। शोर सुन कर जब आस पास के लोग पहुंचे तो जान मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गोला पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अगली करवाई शुरू कर दी है।

दहेज प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने ट्रेन के आगे कूदकर की खुदकुशी

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार हाल्ट के पास बुधवार को ट्रेन से कटकर एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान सीहापार निवासी अनामिका सिंह पुत्री धर्मदेव के रूप में हुई है। मां की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि अनामिका ने नवरात्र में बेलघाट थाना क्षेत्र के बेली गांव निवासी अभी सिंह से अंतरजातीय प्रेम विवाह किया था। दोनों बेलघाट थाने पहुंचे थे, जहां पुलिस ने समझाया और थाने के बगल स्थित मंदिर में दोनों की शादी कराई गई। आरोप है कि लड़के के परिजन इस विवाह से संतुष्ट नहीं थे। शादी के बाद अनामिका पति के घर रह रही थी। बुधवार को सीहापार हाल्ट के पास ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान की। मां लक्ष्मीना की तहरीर पर सहजनवां पुलिस ने पति अभी सिंह, ससुर ओमप्रकाश सिंह, ननद काजल और जेठ आदर्श सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

मेला देखने गए युवक को बगल गांव के युवकों ने बुरी तरह मार पीट कर किया घायल

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला क्षेत्र के भिटहा में मेला देखने गए युवक को दूसरे गांव के युवकों ने लाठी डंडा से मार पीट घायल कर दिया। बीच बचाव करने आए भाई व मां को भी पीटा।पीड़ित के तहरीर पर

◆पीड़ित की तहरीर पर गोला थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज

गोला थाने में हमलावरों के विरुद्ध हरिजन एक्ट शीत व अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम दुरुई के पीड़ित अभिषेक पुत्र उदयभान हरिजन ने अपने तहरीर में बताया है कि बीते 24 अक्टूबर की शाम को भिटहा से राम लीला मेला देख कर वापस आ रहा था तभी रास्ते में भवजीतपुर के मुकुल यादव, अतुल यादव पुत्र गण गुड्डू व तीन चार अन्य लोग मारने पीटने लगे। शोर सुनकर भाई लक्ष्मण पुत्र उदयभान, माता लीलावती पत्नी उदयभान हमको छुड़ाने आये। उनको भी लोगों के मार पीट कर घायल कर दिया। गोला पुलिस ने लिखित तहरीर पर मार पीट व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर अगली कार्रवाई शुरू कर दिया है।

गोला नगर पंचायत अध्यक्ष के नाती पर हमला

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला नगर पंचायत की अध्यक्ष लालती देवी ने अपने नाती के साथ मारपीट करने और उसे बचाने पहुंचने पर खुद पर भी हमला किए जाने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष की तहरीर के आधार पर गोला पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष लालती देवी ने गोला थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रात करीब 8:30 बजे उनका नाती आशीष कुमार घर के बगल में आयोजित भंडारे में प्रसाद खाने गया था। इसी दौरान

◆बचाने पहुंचीं अध्यक्ष भी हुई घायल ◆दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मौसम पुत्र शिवकुमार और उसके मौसेरे भाई का लड़का उनके नाती के साथ मारपीट करने लगे। शोर सुनकर वह मौके पर पहुंचीं और नाती को बचाने का प्रयास किया। आरोप है कि इस दौरान दोनों लोगों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच एक आरोपित के हाथ में मौजूद लोहे की रॉड से उनके सिर पर प्रहार कर दिया गया, जिससे उनका सिर फट गया और खून बहने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने बचाने के लिए आवाज लगाई तो आरोपित गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस से दोनों आरोपितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वहीं थाना प्रभारी सीपी पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

तहसीलदार और पुलिस की संयुक्त टीम का छापा

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) दीपावली से पहले नौतनवा कस्बे में अवैध रूप से पटाखे जमा करने का मामला सामने आया है। बुधवार शाम सरोजिनी नगर नहर मार्ग स्थित एक मकान में तहसीलदार कर्ण सिंह और पुलिस टीम ने छापेमारी कर पटाखों की खेप बरामद की। कार्रवाई के बाद इलाके में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि संबंधित मकान में पटाखे रखे जाने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली थी। इसके आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, बोरियों में रखे पटाखे बरामद किए। पुलिस ने

◆सरोजनी नगर स्थित मकान में मिली पटाखों की खेप

बरामद सामग्री को अपने कब्जे में लेकर उसके संबंध में जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। दीपावली नजदीक आने के साथ ही पटाखों की खरीद-बिक्री बढ़ जाती है। ऐसे में बिना जरूरी अनुमति और सुरक्षा इंतजामों के पटाखों का भंडारण हादसे का कारण बन सकता है। आबादी के बीच विस्फोटक सामग्री रखना लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है।थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर मकान में कार्रवाई की गई है। मौके से कुछ पटाखे बरामद हुए हैं। फिलहाल बरामद पटाखों के संबंध में जांच की जा रही है।

बीडीओ की रैंडम जांच के बाद भुगतान के लिए भेजी जाएगी रिपोर्ट

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र में पुराने पक्के कार्यों के भुगतान की जांच आख्या 31 अक्टूबर तक बीडीओ को जिले पर भेजनी है, ताकि ग्राम पंचायतों की रैंडम जांच कर भुगतान के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष वंशी यादव ने कहा कि ग्राम पंचायतों का पैसा बाकी रहने से विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है। 2024-25 या उससे पूर्व के पक्के कार्यों का बकाया - जगदीशपुर में 45 लाख रुपये, कटया में 12 लाख, महुआपार में 3 लाख, बरसीहा में 10 लाख, कुआवल में 8 लाख, सीहापार में 50 हजार, भरवल में 4 लाख रुपये के अलावा कुछ अन्य ग्राम पंचायतों में भी लंबित है।

उपायुक्त श्रम एवं रोजगार रघुनाथ सिंह ने बताया कि बीडीओ से जांच आख्या मांगी गई है, ताकि बकाया भुगतान के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जा सके और रैंडम जांच कराई जा सके। जांच के बाद भुगतान की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

मां की डांट से नाराज दो बहनें घर से निकलीं,लापता

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव में मां की डांट से नाराज होकर बड़ी बहन छोटी बहन को साथ लेकर घर से चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर पिता ने थाने में तहरीर देकर तलाश की गुहार लगाई है। धर्मदास पट्टी निवासी रमेश ने बताया कि पत्नी जानकी ने बेटियों ज्योति (20) और अंजली (16) को घर का काम करने के लिए डांटा था। इससे नाराज होकर ज्योति 26 अक्टूबर की सुबह करीब 9 बजे छोटी बहन अंजली को लेकर घर से निकल गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन पता नहीं चला। पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर दोनों बेटियों की तलाश की मांग की है। परिवार परेशान है। सीओ गीडा आभा सिंह ने बताया कि दोनों बहनों के गायब होने को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।